## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रक की ठोकर बाईक सवार युवक की मौत

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** बादीमाल थाना पुसौर में रहने वाला संतोष कुमार गुप्ता पिता शौकी लाल गुप्ता उम्र55 साल घर से दिनांक 05.12.19 के सुबह ड्यूटी के लिए अपने मो सा. डिसकवर क्र सीजी 14 एमडी 6628 से पत्थलगांव जाने के लिए निकला था जिसे उर्दना से आगे केलो डेम गेट के पास पहाड़ किनारे ट्रक क्र सीजी 13 जेड 3566 का चालक ट्रक को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मो.सा. को ठोकर मार कर एक्सीडेन्ट कर दिया जिससे संतोष कुमार गुप्ता मो.सा. सहित गिर गया जिसके चेहरे, सीने में, बायें कंधा एवं कलाई दाहिने घुटना एवं पिडली में चोट आया। मौके पर ही संतोष कुमार गुप्ता का मृत्यु हो गया। घटना के संबंध में ट्रक चालक के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 1050/19 धारा 304(ए) भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### राज्य शौर्य पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

**» आवेदन करने की अंतिम तिथि है 31 दिसम्बर**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद रायपुर द्वारा पूर्व वर्षो की भांति वर्ष 2019 के राज्य शौर्य पुरस्कार हेतु नामांकन व आवेदन योग्य बालक एवं बालिकाओं से निर्धारित आवेदन में भरकर आमंत्रित किया गया है। साथ में आवश्यक जानकारियां भी लगानी होंगी जैसे बालक अथवा बालिका द्वारा अपनी जान की परवाह किये बिना, दूसरे की जान बचाने हेतु वीरता का किया गया कार्य। घटना दिनांक को बालक व बालिका की आयु 18 वर्ष से अधिक न हो। शौर्य कार्य की अवधि-1 जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2019 के मध्य होना चाहिए। आवश्यक कागजात - एफ.आई.आर. अथवा पुलिस डायरी, समाचार पत्रों की कतरने, जो इस बाबत् प्रकाशित हुआ हों। दो पासपोर्ट साइज के वर्तमान रंगीन फोटोग्राफ्स या सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित एवं 4 अतिरिक्त पासपोर्ट साइज के फोटो व घटना का विस्तृत विवरण प्रतिवेदन जो कि सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित, पुलिस या अन्य विभाग सहित नामांकन 3 प्रतियों में अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2019 तक जमा की जा सकती है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई रायगढ़ में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

### नगरीय निकाय निर्वाचन में जिले से कुल 716 नामांकन दाखिल

**» नगर निगम रायगढ़ में 251 लोगों ने भरा नामांकन**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 हेतु आज रायगढ़ नगर निगम में 195, खरसिया नगर पालिका परिषद में 50 तथा नगर पंचायतों लैलूंगा में 54, पुसौर में 46, बरमकेला में 46, सरिया में 26, घरघोड़ा में 20, धरमजयगढ़ में 34 व किरोड़ीमल नगर में 27 लोगों सहित कुल 498 लोगों ने नामांकन दाखिल किया। इस प्रकार जिले में रायगढ़ नगर निगम में 251, खरसिया नगर पालिका परिषद में 74 तथा नगर पंचायतों लैलूंगा में 57, पुसौर में 47, बरमकेला में 77, सरिया में 51, घरघोड़ा में 60, धरमजयगढ़ में 58 व किरोड़ीमल नगर में 41 लोगों सहित कुल 716 लोगों ने नामांकन दाखिल किया है।

**नगरीय निकाय का नाम आज प्राप्त नामांकनों की संख्या कुल नामांकन की संख्या :-**

नगर पालिक निगम रायगढ़ 195 251
नगर पालिका परिषद खरसिया 50 74
नगर पंचायत-घरघोड़ा 20 60
नगर पंचायत-सरिया 26 51
नगर पंचायत-लैलूंगा 54 57
नगर पंचायत-पुसौर 46 47
नगर पंचायत-बरमकेला 46 77
नगर पंचायत-धरमजयगढ़ 34 58
नगर पंचायत-किरोड़ीमलनगर 27 41
कुल 498 716

### राज्यपाल ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि यह दिवस अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करते हुए वीरगति को प्राप्त करने वाले जवानों की कुर्बानियों को याद करने और उनके प्रति सम्मान और श्रद्धा प्रकट करने का अवसर देता है। राज्यपाल ने इस अवसर पर आम जनता से सशस्त्र झंडा निधि में सहयोग करने की अपील की है।

# स्थाई वारंट गिरफ्तारी वारंट की तामिली में आई तेजी

# एक दिन 9 गिरफ्तारी और 7 स्थाई वारंट तामिल

**न्याय साक्षी/रायगढ़। नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर थाना/चौकियों में अभियान चलाकर वारंट तामिली किया जा रहा है, पहले दिन ही थाना धरमजयगढ़, छाल, भूपदेवपुर, घरघोड़ा एवं चौकी जूटमिल के स्टाफ द्वारा 09 गिरफ्तारी और 07 स्थाई वारंट तामील किये गये हैं।**

### तमिल किए गए स्थाई वारंट-

(1) थाना छाल- गुलजार मोहम्मद पिता मिलाप मोहम्मद उम्र 24 साल निवासी झोपड़ीपारा जूटमिल

(2) पवन राठिया पिता लक्ष्मण राठिया उम्र 22 साल निवासी ग्राम गोडम थाना घरघोड़ा

(3) थाना भूपदेवपुर- ननकी बाई लहरे पति चौथी लाल लहरे उम्र 34 साल निवासी कीरितमाल थाना भूपदेवपुर

(4) गणेश राम यादव सीता साधराम यादव निवासी बासनपाली थाना भूपदेवपुर

(5) थाना घरघोड़ा- गणेश दास महंत पिता महेश राम उम्र 31 साल निवासी जरकट थाना घरघोड़ा

(6) लक्ष्मण उर्फ रोज छोटू राजपूत पिता कुमार सिंह राजपूत 25 साल निवासी कुडूमकेला

(7) गणेश दास महंत निवासी जरकट।

इसी क्रम में चौकी जूटमिल में 04,



थाना धरमजयगढ़ 03 तथा थाना भूपदेवपुर में 02 गिरफ्तारी वारंटी तामिली की गई है।

# नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु प्रेक्षक किए गये नियुक्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के द्वारा नगर पालिका निर्वाचन 2019 के लिए अनुराग पाण्डेय (भा.प्र.से.) संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा तथा मिशन संचालक स्वस्थ भारत मिशन ग्रामीण का अतिरिक्त प्रभार, रायपुर को नगर पालिक निगम रायगढ़, नगर पालिक परिषद खरसिया, नगर पंचायत पुसौर, नगर पंचायत सरिया, नगर पंचायत बरमकेला, नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर का सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है तथा जगदीशन, प्रभारी वन संरक्षक, कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, नवा रायपुर को नगर पंचायत घरघोड़ा, नगर पंचायत लैलूंगा के लिये सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

प्रेक्षकों से अपनी समस्या व शिकायत के संबंध में अनुराग पाण्डेय (भा.प्र.से.) को सर्किट हाउस रायगढ़ कक्ष क्रमांक -05 दूरभाष क्रमांक -07762-226032 (observer-raigarh@ gmail.com) एस. जगदीशन को सर्किट हाउस रायगढ़ कक्ष क्रमांक -04 दूरभाष क्रमांक -07762-226031 (observerghargho-da2019@ gmail.com) में संपर्क किया जा सकता है।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबे समय से गैरहाजिर रहे तीन आरक्षकों को किये निलंबित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला पुलिस बल के तीन आरक्षक जो काफी लंबे समय से अपने कर्तव्य से गैरहाजिर थे। रक्षित निरीक्षक रायगढ़ द्वारा गैरहाजिर तीनों आरक्षक को सूचना देकर आज दिनांक 06-12-19 के जनरल परेड के बाद पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के समक्ष प्रस्तुत किये।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गैरहाजिर रहें तीनों आरक्षक का रिकॉर्ड देखकर उन्हें समक्ष में सुने। तीनों आरक्षक काफी लंबे समय से गैरहाजिर थे तथा गैरहाजिर रहने के आदी भी है। वर्तमान में नगरीय निकाय चुनाव 2019 के परिपेक्ष में आचार संहिता प्रभावसील है। इस दौरान आरक्षकों का कृत्य कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता के दायरे में आने पर तीनों आरक्षक को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है जिन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा तथा उनका मुख्यालय रक्षित केंद्र रायगढ़ रहेगा। निलंबित होने वाले आरक्षकों में - राजू नायक रक्षित केंद्र, चंपालाल सिदार रक्षित केंद्र एवं घनश्याम बरेठ थाना सारंगढ़ शामिल हैं।

# आत्म निर्भरता की राह में दिव्यांगता भी नहीं बन सकी रोड़ा

**» बैंक सखी के रूप में कार्य कर गायत्री का बढ़ रहा है आत्म विश्वास » एक हाथ से दिव्यांग है गायत्री**

**न्याय साक्षी/** रायगढ़। बैंक सखी के रूप में कार्य कर अब मै आत्मनिर्भर हो रही हूं मेरा आत्म सम्मान व आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है। उक्त बातें बरमकेला विकासखण्ड के ग्राम करनपाली की गायत्री साहू ने कही।



गायत्री करनपाली, करपी, बाराद्वान व कपरतुंगा गावो में बैंक के सखी के रूप में सेवायें दे रही है। गायत्री के बारे में विशेष बात यह है कि वह एक हाथ से दिव्यांग है। बी ए तक पढ़ी गायत्री इन गांवों में जाकर पेंशन व नरेगा मजदूरी का भुगतान सीएससी के पेमेन्ट गेटवे डीजी पे के द्वारा कर रही है। बहुत जल्द अन्य बैंकिग सुविधायें भी ग्रामीणों तक पहुंचाएगी। इस कार्य के लिये गायत्री को जिला पंचायत रायगढ़ से लेपटाप तथा अन्य उपकरणो की खरीदी हेतु 64 हजार रूपये की वित्तीय सहायता मिली है। उन्होंने सीएससी की आईडी भी ली है और शीघ्र गावं में आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने व बिजली बिल पटाने जैसे कार्य प्रारंभ करने जा रही है।

गायत्री ने बताया कि स्व-सहायता समूह में काम करने वाली महिलाओं को देखकर उन्हें भी स्वावलंबी बनने की ललक जागी, परंतु दिव्यांगता उनके आत्मनिर्भर होने में एक बड़ी समस्या थी। बैंक सखी के रूप में उन्हें एक ऐसा काम मिल गया है जिससे वह आर्थिक रूप से स्वनिर्भर तो बन रही है साथ ही जीवन में उत्साह भी आने लगा है।

# ओव्हरटेक करते मोटरसाइकिल पिकअप से जा टकराई, वृद्ध महिला को आई चोटें

**» पैर की नस कटने से वृद्धा को उठाकर ईआव्ही वाहन से पहुंचाया अस्पताल**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिले में संचालित डायल 112 आपातकालीन सेवा में कार्यरत जवान अपने कर्तव्यों के साथ मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए समाज सेवा का जो कार्य किया जा रहा है उसकी एक अच्छी तस्वीर छाल राइनो से प्राप्त हुई है।

जानकारी के अनुसार आज दिनांक 06.12.2019 के सुबह 10:10 बजे रोड एक्सीडेंट के इवेंट पर छाल राइनो में कार्यरत आरक्षक सूरज कुमार साहू, क्रमांक 943 घटनास्थल देऊरमाल के पास पहुंचा।

मोटरसाइकिल का चालक भुवनेश्वर सिदार पिता अजीत सिदार उम्र 45 वर्ष निवासी कुसुमपाली, ग्राम तरेकेला से कुसुमपाली मोटरसाइकिल के पीछे अपनी मां श्रीमती सुंदरमति उम्र 65 साल को बिठाकर ले जा रहा था कि सुबह करीब 10:00 बजे देऊरमाल के पास भुवनेश्वर सिदार के आगे जा रही पिकअप को ओवरटेक करने के चक्कर में उसकी बाइक पिकअप से जा टकराई और मोटर सायकल अनियंत्रित होने से दोनों सड़क पर गिरे। भुनेश्वर सिदार के हाथ में तथा श्रीमती सुंदरमति का पैर का नस कट कर काफी खून बहने लगा, आहिता चलने में असमर्थ थी जिसे आरक्षक सूरज साहू छोटे बच्चे की तरह गोद में उठाकर ईआरव्ही वाहन में बिठाकर इलाज के लिए सीएचसी छाल ले जाकर भर्ती कराया।



# मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्याज के स्टॉक सीमा को किया गया कम

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर बाजारों में प्याज की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में व्यापारियों को गोदाम में प्याज का स्टॉक रखने की सीमा कम करके आधा कर दिया गया है। नए आदेश के अनुसार बड़े व्यापारी अब 25 टन और कमीशन अभिकर्ता 5 टन तक प्याज का स्टॉक रख सकते है। खाद्य नागरिक एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा मंत्रालय महानदी भवन से प्याज के स्टॉक सीमा में संशोधन करने की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। प्रदेश के सभी कलेक्टरों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने प्रदेश के खाद्य अधिकारियों को नए खाद्य लिमिट के अनुसार गोदामों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। राज्य शासन द्वारा प्याज की संग्रहण क्षमता में संशोधन का निर्णय प्रदेश में बढ़ते प्याज के कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए लिया गया है। राज्य शासन द्वारा पूर्व में बड़े व्यापारियों को 50 टन और कमीशन अभिकर्ताओं को 10 टन प्याज का स्टॉक सीमा निर्धारित था।

राज्य शासन द्वारा प्याज की कीमत में नियंत्रण रखने के लिए राज्य की उचित मूल्य के दुकानों से प्रतिदिन 10-15 क्विंटल प्याज उचित दर पर विक्रय किया जा रहा है। इन दुकानों से प्रत्येक हितग्राही को 5 किलोग्राम प्याज का विक्रय किया जा रहा है। इसके अलावा रायपुर शहर में थोक प्याज व्यापारियों से समन्वय कर गत 4 नवम्बर से शहर के सात स्थानों में प्याज का विक्रय किया जा रहा है।




# श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में छह दिवसीय वार्षिकोत्सव हुआ संपन्न



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर रायगढ़ में छह दिवसीय वार्षिकोत्सव भक्ति भाव के साथ 5 दिसंबर को संपन्न हुआ। वार्षिक उत्सव की शुरुआत शनिवार 30 नवंबर से हुई थी। उत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें गुपचुप खाओ एवं रंग भरो जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताओं के साथ भजनमय हाऊजी जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताओं का सभी ने भरपूर आनंद लिया। वार्षिक उत्सव के अंतर्गत ही सत्संग एवं डांडिया नाइट का भी आयोजन किया गया। रायगढ़ भर से आए श्रद्धालुओं ने इन विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी भरपूर सहभागिता दर्ज कराई।

वार्षिक उत्सव समापन समारोह की शुरुआत 5 दिसंबर दोपहर 1 बजे से विशाल शोभायात्रा के साथ की गई जिसमें समस्त रायगढ़ वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शोभा यात्रा श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर से शुरू होकर रायगढ़ भ्रमण करते हुए वापस मंदिर प्रांगण में पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के उपरांत बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस कंपटीशन का आयोजन भी किया गया। वार्षिक उत्सव मंच कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5 बजे से विख्यात खैरागढ़ विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित उत्पत्ति ग्रुप द्वारा प्रस्तुत नृत्य नाटिका के साथ की गई।

मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के हाथों दीप प्रज्वलन से किया गया। मंचीय कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय मंत्री तथा रामदास द्रौपदी फॉउन्डेशन के संरक्षक रामदास अग्रवाल एवं शहर के समाज सेवी नंदकिशोर अग्रवाल एवं सरिया से आए किशन लाल अग्रवाल ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मंच कार्यक्रम के दौरान रामदास अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि माता राधा का प्रेम हमें यह सीखाता है की प्रेम दर्शन का विषय है प्रदर्शन का नहीं। यही कारण है कि भगवान श्री कृष्ण से पहले माता राधा का नाम आता है और हम सभी राधा-कृष्ण कहते हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480